श्री

काव्य शिक्षा सटीक

तीसरा भाग ।

छन्द वर्णन ।

जिसमें-छंद भेदोपभेद, मात्रा विचार, शुभाशुभ दग्धाक्षर, सूची, प्रस्तार नष्ट उद्दिष्ट, गणागण विचार, छन्द नियम, तदु-परान्त मुख्य २ त्रिविध प्रचलित छंद,—सरल लक्षण, भावार्थ, उदाहरण सहित वर्णित हैं

जिसे

सय्यद हैदरशाह, उपनाम शाह कवि,

ग्राम पीहार, तहसील वा डाकघर नर्वल,

प्रांत कानपुर निवासी ने-

अपने परम प्रिय काव्य प्रेमी नवशिक्षित विद्यार्थियों

के लाभार्थ रच कर

अभ्युदय प्रेस प्रयाग में छपा कर

प्रकाशित किया ।

सुकबि होहिं यहि पढ़ि सब कोऊ ।

ईश्वर कृपा बचन फुर होऊ ॥

प्रथम बार ५०० प्रतियां   मूल्य ।) आना

समर्पण ।

१-श्रीयुत विज्ञ गुणज्ञ बुध! राम चरण पितु रूप ।
नमि सादर दशमी बिजै, भेंटत भेंट अनूप ॥ १ ॥
२-ग्रंथकाव्य शिक्षा मधे, भाग तीसरो छन्द ।
होहिं उपस्थित शरण सो, ग्रहण करिय सानन्द ॥ २ ॥
३-यदपि आप जानत सकल, छंद प्रबंध सुपंथ ।
तउ न अजीरण होइ है, यह छोटो सो ग्रंथ ॥ ३ ॥
४-नहिं कवि नहिं कोविद कछू, नहिं भाषा को ज्ञान ॥
बचन तोतरे बाल के समुद सुनिय दै कान ॥ ४ ॥
५-अधिक काह बिनती करौं, आप अहौ सरवज्ञ ।
है भरोस अपनाय यहि, करिहौ शाह कृतज्ञ ॥ ५ ॥

सेवक (शाह)

काव्य शिक्षा।

तृतीय भाग—छन्द वर्णन

पाठ १

छन्द का लक्षण।

दोहा—बरण मत्त यति गति नियम, पद समता अवसान।
वेद चरण रचना रुचिर, छंद शाह सो जान ॥१॥

भावार्थ—मात्रा, वर्ण, यति, गति का नियम और पदान्त में समता जिस रचना में पाई जाती है उसे छन्द कहते हैं। प्रत्येक छन्द में वेद अर्थात् चार चार पाद वा पद वा चरण होते हैं।

छन्द के भेद।

दो०—मात्रिक वर्णिक दोय विधि, लौकिक छन्द विख्यात।
छंद जाति मात्रिक कहत, वर्णिक वृत्त कहात ॥२॥

तिनके पुनि सम, अर्द्ध सम, विषम, शाह त्रय भेद।
साधारण दंडक उभय, सम के गुनि उपभेद ॥३॥

भा० छन्द दो भांति के पाये जाते हैं, एक वैदिक, दूसरे लौकिक। वैदिक छन्दों का काम केवल वेदादि अध्ययन करने में पड़ता है, और अन्य समस्त काव्य लौकिक छन्दों में ही पाये जाते हैं। अतएव इस ग्रंथ में लौकिक छन्दों का ही वर्णन किया जाता है।

छन्द दो प्रकार के हैं, मात्रिक और वर्णिक। मात्रिक को जाति वा छन्द और वर्णिक को वृत्त कहते हैं। फिर मात्रिक और वर्णिक के तीन तीन भेद हैं, सम, अर्द्ध सम और विषम। और फिर मात्रिक, वर्णिक सम के दो दो उपभेद हैं, एक साधारण दूसरे दंडक।

दो० मात्रा सम चहुं पदन में, छंद मातरिक होय।
तुल्य बरण चारो चरण, वर्ण वृत्त है सोय ॥४॥

चहूं चरण सम कल वरण, तिहिं सम कहि कविगीत ।
इक तय द्वै चौ पाद सम, छंद अर्द्ध सम होत ॥५॥
सम नहिं चारों चरण जहँ, विषम जानिये ताहि ।
इक तें बत्तिस मत्त लौं, कल सधारण आहि ॥६॥
इक तें छब्बिस बरण लौं, वर्ण सधारण मान ।
बत्तिस छब्बिस तें अधिक, दंडक शाह बखान ॥७॥

भा०—जिस पद्य के चारों चरणों में मात्राओं की संख्या का प्रमाण एक समान हो, वर्ण चाहे जितने हों उसे मात्रिक छन्द कहते हैं, जैसे—दोहा चौपाई, छन्द, सोरठा आदि । और जिस पद्य के चारों चरणों में वर्ण संख्या और उन वर्णों के गुरुत्व लघुत्व का क्रम एक सा मिले उसे वर्ण वृत्त कहते हैं, यथा—नगस्वरूपिणी, भुजंगप्रयात, तोटक, सवैयादि ।

जिस छन्द वा वृत्त के चारों चरणों में मात्रा वा वर्णों की संख्या समान रहती है उसे सम कहते हैं, । और जिसके पहिले, तीसरे अर्थात् विषम चरण एक समान हों, और दूसरे, चौथे अर्थात् सम चरण एक समान हों उसे अर्द्ध सम कहते हैं, । और जिसके चारों चरण बराबर न हों उसे विषम कहते हैं । मात्रिक में प्रति पद ३२ मात्राओं तक के जो छन्द हैं वे साधारण और ३२ मात्राओं से जो अधिक हैं वे दंडक कहाते हैं, और वर्ण वृत्तों में २६ वर्ण तक साधारण और उनसे अधिक वर्ण वाले दंडक कहाते हैं । दंडक अर्थात् दंडकर्त्ता कहने का प्रयोजन यह है कि इनके पदों के उच्चारण करने में मनुष्यों की सांस भर आती है, यही एक प्रकार का दंड कहने मात्र को है ॥

पाठ २

लघु गुरु मात्रा बिचार ।

ह्रस्व वर्ण के उच्चारण करने में जो काल लगता है उसे एक मात्रा कहते हैं । यथा—अ, इ, उ, ऋ, क, कि, कु इत्यादि (इसी प्रकार और भी जानो) । मात्राओं की गणना में इनकी एक ही एक संख्या मानी जाती

है। छन्दः शास्त्र में ह्रस्व वर्ण को लघु कहते हैं। उसकी एक मात्रा मानी जाती है। लघु का रूप ऊर्ध्व रेखा (।) द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इसके अन्य नाम ल, ला, लो, लौ, इत्यादि हैं।

दीर्घाक्षर के उच्चारण करने में जो काल लगता है उसकी दो मात्रा मानी जाती हैं, यथा—आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः, का, की, कू, के, कै, को, कौ, कं, कः इत्यादि (इसी प्रकार और भी समझो)। मात्राओं की गणना में इनकी दो २ संख्या मानी जाती है। छन्दः शास्त्र में दीर्घाक्षर को गुरु कहते हैं, उसकी दो मात्रा मानी जाती हैं। गुरु का रूप वक्र रेखा (ऽ) द्वारा प्रगट किया जाता है, इसके अन्य नाम ग, गा, गो, गौ इत्यादि हैं। गुरु और प्रकारों से भी माने जाते हैं। यथा—

दो०—आदि सँयोगी बिन्दु युत, विसर्गादि गुरु होय।
कहुं पदान्त में कल्पना, करत शाह कवि कोय।

भा०—संयोगी वर्ण के आदि का लघु वर्ण गुरु होता है, यथा—मत्त, सत्य, धर्म्म, कर्म्म इत्यादि, यहां म, स, ध, क, गुरु माने जायँगे, परन्तु कहीं २ संयोगी के आदि का लघु भी लघु ही माना जाता है, यथा—कन्हैया जुन्हैया आदि यहां क, जु, लघु ही माने जायँगे, कारण कि क वा जु के उच्चारण में अधिक काल नहीं लगता।

जिस वर्ण के ऊपर अनुस्वार हो वह भी गुरु है, यथा—संत, अंग, आदि यहां स, अ, गुरु माने जायंगे। परंतु यदि अर्द्ध चन्द्र बिन्दी हो तो गुरु न माना जायगा, यथा-जहँ तहँ आदि, यहां, ज, त, लघु ही माने जायँगे।

जिस वर्ण के आगे विसर्ग हो वह भी गुरु है, यथा—दुःख, सुःख, इत्यादि यहां दु, सु, गुरु माने जायँगे।

संस्कृत में कहीं २ आवश्यकतानुसार पदान्त में लघु को भी गुरु मान लेते हैं, यथा "पद्मान्त पद्म भव शाह विभोनमामि" यहां अंत्याक्षर "मि" गुरु माना जायगा, कारण कि यहां उसको गुरु मानने की आवश्यकता है। इसी प्रकार भाषा काव्य में पदान्त अथवा यमकालंकार एवं

छन्द की शुद्धता के अर्थ कवि लोग यदा कदा व्याकरण की भी उपेक्षा कर निजेष्ट संपादित करते हैं, अर्थात् हल् को सस्वर, दीर्घ को ह्रस्व, ह्रस्व को दीर्घ मान लेते हैं, यथा—पद्म की जगह पदम, सीय की जगह सिय और हंस की जगह हंसा इत्यादि (इसी प्रकार और भी जानो)। परंतु ध्यान इस बात का रहे कि जहां लघु वर्ण माना जाता है वहां उसकी एक मात्रा मानी जाती है और जहां गुरु माना जाता है वहां उसकी दो मात्रा मानी जाती हैं। वर्ण का गुरुत्व अथवा लघुत्व उसके उच्चारण पर निर्भर है। यथा—

अर्द्धाली—गुरु कहँ लघु गुरु लघु को पढ़ै। सुख समेत जो मुख सों कढ़ै ॥२॥

भा०—यदि वर्ण गुरु हो और मुख से उसका उच्चारण लघु की भांति होवे तो लघु ही माना जाता है, और यदि वर्ण लघु हो और उच्चारण गुरु का सा होवे तो गुरु ही माना जाता है।

मात्रा को मत्त, मत्ता, कल, कला, भी कहते हैं।

पाठ ३

शुभा शुभ दग्धाक्षर वर्णन।

कवियों को काव्य करते समय अक्षरों के शुभा शुभ फल पर अवश्य ध्यान देना चाहिये।

दोहा—यश कस चख धज दक्ष घन, छडग स्वरौ शुभ जान।
पांच झहर भष दग्ध गनि, चौदा अशुभ बखान ॥१॥

भा०—क, ख, ग, घ, च, छ, ज, ड, द, ध, न, य, श, स, क्ष, ये पन्द्रह अक्षर और स्वर जिन को संस्कृत में अच् कहते हैं सब शुभ हैं परन्तु ऋ ऌ ॡ का प्रयोग भाषा में प्रायः नहीं होता। और ङ, झ, ञ, ट, ठ, ड, ढ, ण, त, थ, प, फ, ब, भ, म, र, ल, व, ष, ह, त्र, ज्ञ, ये अशुभ हैं। इन २१ अशुभाक्षरों में से भी भाषा कवियों ने झ, भ, र, ष, ह, पांच अक्षर मुख्य चुन लिये हैं, जो अति वर्जनीय हैं और दग्धाक्षर कहलाते हैं।

दो०—धरहु छन्द के आदि नहिं, अरण झहर भष पांच।
मङ्गल सुर बाची गुरू, धरे न आवै आंच ॥२॥

भा०—पद्य के आदि में झ, भ, र, ष, ह, इन पांच दग्धाक्षरों का रखना महादोष है, यदि रक्खे तो गुरु कर देवे अथवा सुर वा मङ्गल वाची शब्द रक्खे ऐसा करने से दग्धाक्षर का दोष मिट जाता है। यथा

दो०—झार खंड किहिं लगि फिरत, कत धावत चहुं धाम।
शाह क्यों न निज हिय लखै, घट घट बासी राम ॥१॥

इस के आदि में झकार दग्धाक्षर है परन्तु गुरु होने से अदोष है।

दो०—भरत राम रिपुहन लखन, सीय सहित हनुमान।
जन्म २ बसि शाह हिय, करत रहिय कल्यान ॥२॥

इस के आदि में भकार दग्धाक्षर देव वाची शब्द के साथ में है अतएव अदूषित है।

दो०—रघुपति सियपति जगत पति, माया पति भगवान।
बिनय शाह की सुनब हित, देहु न अंगुरी कान ॥३॥

इसके आदि में रकार दग्धाक्षर है परंतु देव वाची शब्द के साथ होने से दोष रहित है।

दो०—षटमुख के गज मुख गिनत, हंसि २ लोचन मुंड।
शाह तेउ पग दाबि श्रुत, उनकी नापत सुंड ॥४॥

इसके आदि में षकार दग्धाक्षर है परंतु देव वाची शब्द के साथ होने से दूषण रहित है।

दो०—हरि ढूंढ़त हिय शाह छिन, छिन ढूंढ़त गिरि पांति।
भयो न एको ओर को, रजक श्वान की भांति ॥५॥

इसके आदि में हकार दग्धाक्षर है परंतु सुर वाची हरि शब्द के आदि में होने से निर्दोष है।

पाठ ४
प्रत्यय वर्णन

दल—प्रत्यय तें प्रगटत बिबिधि, संख्या छन्द विचार ॥१॥

भा०—जिसके द्वारा नाना प्रकार के छन्दों के विचार और संख्यादिक प्रकाशित हों उन्हें प्रत्यय कहते हैं ।

सम्पूर्ण छन्दः शास्त्र में नव प्रत्यय हैं । उनके नाम ये हैं :—

जयकरी—सु प्रस्तार सूची खँड मेरु । नष्ट उदिष्ट मरकटी मेरु ॥
पुनि पाताल पताका जान । ये नव प्रत्यय शाह प्रमान ॥२॥

भा० १—प्रस्तार, २ सूची, ३ पाताल, ४ उद्दिष्ट, ५ नष्ट, ६ मेरु, ७ खंडमेरु, ८ पताका और ९ मर्कटी ये नव प्रत्यय हैं ।

इन में से प्रत्येक के आदि में मात्रिक वा वर्णिक शब्द संयुक्त कर मात्रिक वा वर्णिक दोनों प्रकार के प्रत्ययों का बोध कर लेना चाहिये । परंतु इन नवों में से—

अर्द्धाली—समुझि लेहु सूची प्रस्तार । नष्ट उदिष्ट मुख्य ये चार ॥३॥

अर्थात्—सूची, प्रस्तार, उद्दिष्ट, नष्ट ये चार प्रत्यय मुख्य हैं। और एक ही रीति से मात्रिक वर्णिक दोनों प्रकार के सिद्ध होते हैं, अत एव क्रमशः उन्हीं चार प्रत्ययों का वर्णन आगे सूक्ष्मतया किया जाता है ॥ ।

१ सूची

दल—सूची तें प्रस्तार बिन छंद अंक को ज्ञान ॥१॥

भा०—जितनी मात्रा वा जितने वर्ण के जितने छंद वा वृत्त बन सकते हैं उनकी संख्या बिना प्रस्तार जान लेने को सूची कहते हैं ।

सूची जानने की रीति ।

अर्द्धाली—सूची कलयुग पछली जोर । दुगुन बरण [illegible] धरु अगलो ओर ॥२॥

भा०--पिछले दो कोष्ठांकों का योग आगे के कोष्ठ में रखते जानेसे अभीष्ट मात्रिक सूची निकल आती है । और पिछले कोष्ठांक को दूना कर के आगे के कोष्ठ में रखते जानेसे अभीष्ट वर्णसूची सिद्ध होती है ।

परंतु इतना स्मरण अवश्य रहे कि प्रथम आड़ी और ऊर्द्धरेखा खींच कर एक अभीष्ट कोष्ठक बनालो । और पहिली आड़ी पंक्ति में १,२,३,४,५,६ आदि क्रमशः अभीष्ट संख्या लिखो और उसी संख्या के नीचे दूसरी आड़ी पंक्ति में सूची के अंक लिखो । मात्रिक सूची जानने के लिये पहिले तीन

कोष्ठक इस प्रकार भरो कि पहिले में एक, दूसरे में दो, और तीसरे में तीन का अंक लिखो, फिर चौथे कोष्ठ से अभीष्ट कोष्ठक उक्त नियमानुसार भरलो। और वर्णसूची जानने के लिये पहिले कोष्ठ में दो का अंक लिखो, फिर अभीष्ट कोष्ठक उक्त रीत्यनुसार भरलो।

उदाहरणार्थ ९ संख्या तक की सूची नीचे लिखी जाती है।

संख्या मात्रा वा वर्ण की	१	२	३	४	५	६	७	८	९
मात्रिक छन्द संख्या	१	२	३	५	८	१३	२१	३४	५५
वर्ण वृत्त संख्या	२	४	८	१६	३२	६४	१२८	२५६	५१२

इस कोष्ठक से जाना गया कि ६ मात्राओं के १३ छंद और ४ वर्णों के १६ वृत्त बनते हैं। इसी प्रकार और भी जानो।

२ प्रस्तार।

दो०--सु प्रस्तार ते रूप सब छंद अंक के जान ॥ १ ॥

भा०--जितनी मात्रा वा जितने वर्ण के जितने भेद हो सकते हैं उन के रूप दर्शाने को मात्रिक वा वर्ण प्रस्तार कहते हैं।

प्रस्तार निकालने की रीति यह है--

पद्धटिका--लघु धरौ आदि गुरुतर निशंक। करि नकल दाहिने बाम अंक॥
करि बरण २ कल २ समान। प्रस्तार अंत सब लघु प्रमान॥

भा०-- आदि गुरु के नीचे लघु लिखो, फिर दाहिनी ओर जितने स्थान खाली हों उनमें वैसेही चिन्ह लिख दो जैसे कि ऊपर हैं, फिर बाईं ओर जितने स्थान ख़ाली हों उनमें गुरु के चिन्ह लिखो। वर्ण प्रस्तार में लघु गुरु का बिचार न करते हुए यह स्मरण रक्खो कि प्रत्येक भेद में वर्ण समान रहें अधिक न हों। और मात्रिक प्रस्तार में इस बात का ध्यान रक्खो कि प्रत्येक भेद में पहिले भेद के बराबर मात्रा हों, अधिक न हों, यदि किसी भेद में बाईं ओर गुरु लिखने से एक मात्रा बढ़ती होतो गुरु न लिखकर केवल लघु ही लिखो। जब तक सर्व लघु न आ जावें, तब तक यही रीति करते जाओ, जब सर्व लघु आ जावें तो उसी को अंतिम भेद जानो॥

परंतु स्मरण रहे कि वर्ण वृत्तों में प्रथम भेद सर्व गुरु का होता है। और मात्रिक छंदो में सम कलों अर्थात् २,४,६,८, इत्यादि का प्रथम भेद सर्व गुरु का और विषम कलों अर्थात् १,३,५,७, इत्यादि में प्रथम भेद इस प्रकार लिखा जाता है कि प्रथम लघु लिखकर फिर उसके आगे (दाहिनी ओर) जितने गुरु अवश्य हों लिखे जांयगे, जैसे ।, ।ऽ, ।ऽऽ, । ऽऽऽ इत्यदि ये सब प्रथम भेद हैं।

उदाहरणार्थ एक मात्रिक और एक वर्ण प्रस्तार दिया जाता है।

मात्रिक प्रस्तार ६ मात्राओं का

१				ऽ	ऽ	ऽ
२			।	।	ऽ	ऽ
३			।	ऽ	।	ऽ
४			ऽ	।	।	ऽ
५		।	।	।	।	ऽ
६			।	ऽ	ऽ	।
७			ऽ	।	ऽ	।
८		।	।	।	ऽ	।
९			ऽ	ऽ	।	।
१०		।	।	ऽ	।	।
११		।	ऽ	।	।	।
१२		ऽ	।	।	।	।
१३	।	।	।	।	।	।

वर्ण प्रस्तार ४ वर्णों का

१	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
२	।	ऽ	ऽ	ऽ
३	ऽ	।	ऽ	ऽ
४	।	।	ऽ	ऽ
५	ऽ	ऽ	।	ऽ
६	।	ऽ	।	ऽ
७	ऽ	।	।	ऽ
८	।	।	।	ऽ
९	ऽ	ऽ	ऽ	।
१०	।	ऽ	ऽ	।
११	ऽ	।	ऽ	।
१२	।	।	ऽ	।
१३	ऽ	ऽ	।	।
१४	।	ऽ	।	।
१५	ऽ	।	।	।
१६	।	।	।	।

इसी प्रकार और भी जानो।

३ उद्दिष्ट ।

दो०—उद्दिष्टहिं तें जानिये छंद रूप को अंक ॥ १ ॥

भा०—मात्रिक वा वर्ण प्रस्तार के दिये हुए किसी भी रूप की—भेद संख्या बताने को उद्दिष्ट कहते हैं ।

उद्दिष्ट जानने की रीति यह है ।

दोहा—सो उदिष्ट छन्दांक में गुरु अंकिनि करि दूरि ।
वरणअर्द्ध कल गुरु जहां शिर पग सूची पूरि ॥

भा०—सूची के अंकों में से गुरु चिन्हों के ऊपर जितने अङ्क हों उनको जोड़ कर सम्पूर्ण छन्दांक (जैसे ४ वर्णों का छंदांक १६ है और ६ मात्राओं का छंदांक १३ है इसी प्रकार और भी जानो) में घटाओ जो शेष रहे उसी को उत्तर जानो । वर्णोद्दिष्ट में इतना ध्यान रक्खो कि पूंछे हुए रूप के ऊपर सूची के अङ्क आधे २ लिखो अर्थात् २, ४, ८, १६ के बदले १, २, ४, ८, इत्यादि । और मात्रिकोद्दिष्ट में सूची के अङ्क पूरे २ लिखो अर्थात् १,२,३,५,८,१३ इत्यादि, परंतु जहां २ गुरु के चिन्ह हों उनके शिर पर और पगतल अर्थात् ऊपर तले दोनों स्थान में सूची के अंक लिखो और लघु के केवल शिर ही पर लिखो, यह नियम मात्रिकोद्दिष्ट ही में है वर्णोद्दिष्ट में नहीं ।

उदाहरणार्थ एक मात्रिक और एक वर्ण उद्दिष्ट दिया जाता है ।

—मात्रिकोद्दिष्ट—

छै मात्राओं का यह कौन सा भेद है ? ।

(ऽ । ऽ ।)

```
        १ ३ ५ १३
प्रक्रिया ऽ । ऽ । =१३—(१+५)
        २   ८
```

=१३—६=७

∴ उत्तर ७ भेद है

—वर्णोद्दिष्ट—

चार वर्णों का यह कौनसा भेद है।

(ऽ ऽ । ।)

```
        १ २ ४ ८
प्रक्रिया ऽ ऽ । । =८
```

पूरी सूची ८×२=१६

१६—(१+२)=१६—३=१३

∴ उत्तर १३ वां भेद है

इसी प्रकार और भी जानो—

४ नष्ट ।

दो०— नष्टहिं तें छन्दांक को कहत रूप निरशंक ॥ १ ॥

भा०— मात्रिक वा वर्ण प्रस्तार के किसी भी भेद संख्या के रूप बना देने को नष्ट कहते हैं । नष्ट जानने की रीति यह है—

जय०—नष्ट प्रश्न हरि छंदनि अंक । शेष तुल्य करि लिखिये अंक ४
वरण अर्द्ध कल सूची पूर । गुरु कर अगिली कल कर दूर ॥ २ ॥

भा०—पूछे हुए अंक को छंदांक (जैसे ४ वर्णों का छंदांक १६ और ६ मात्राओं का छंदांक १३ है ऐसे ही और भी जानों) में से घटाओ, जो शेष रहे उस अंक के बराबर दाहिनी ओर से बाईं ओर को जो २ अंक घट सकते हों उन्हीं को गुरु कर दो और जो अंक रह जावें उन स्थानों को लघु रूप का स्थान समझो । वर्ण नष्ट में सूची के अंक आधे २ लिखो अर्थात् २,४,८,१६ के बदले १,२,४,८, इत्यादि और मात्रिक में क्रमानुसार पूरी सूची लिखो जैसे १,२,३,५,८,१३ इत्यादि और मात्रिक में इतनी बात का विशेष ध्यान रक्खो कि जो २ अंक गुरु हो जावें उनके आगे की एक २ मात्रा मिटा दो ।

परन्तु जितनी मात्रा वा जितने वर्ण के प्रस्तार के जिस भेद का रूप निकालना हो उतनी कल्पित मात्रा वा वर्ण के समान लघु रूप लिख कर ही उनके शीर्ष पर सूची लिखनी चाहिये ।

उदाहरणार्थ एक मात्रिक और एक वर्ण नष्ट लिखा जाता है।

मात्रिकनष्ट	वर्ण नष्ट
छे मात्राओं में ८ वां भेद कैसा होगा?	चार वर्णों में ११ वा भेद कैसा होगा?
	१ २ ४ ८
१ २ ३ ५ ८ १ ३	। । । ।=८×२=१६ पूरी सूची
। । । । । ।=१३—८=५	१६—११=५
। । । ऽ ० । पूछा हुआ रूप	ऽ । ऽ । पूछा हुआ रूप

ऐसे ही और भी जानों

पाठ ५

गण प्रकरण ।

विदित हो कि मात्रिक छन्दों के गण पांच होते हैं, टगण, ठगण, डगण, ढगण, णगण । परंतु आज कल इन की विशेष आवश्यकता न देख, केवल वर्ण गणों का ही वर्णन किया जाता है ।

तीन २ वर्णों का एक २ गण होता है, ऐसे गण आठ हैं, वे सब नीचे लिखे जाते हैं ।

वसंत तिलका—मो भूमि श्री मिलत नो दिन सुःख कीजै ।
भो चन्द्र शाह यश यो जल वृध्य लीजै ॥
जो सूर्य शोक प्रद-रो अगिनी जरावै ।
सो वायु देइ भ्रम तो नभ शून्य पावै ॥१॥

भा०—इसकी टीका के लिये निम्नांकित कोष्ठक देखिये ।

क्रम संख्या	गणनाम	देवता	फल	रेखारूप	उदाहरण गणाक्षरों में	उदाहरण अन्यक्षरों में	संकेताक्षर
१	मगण	पृथ्वी	श्री	ऽ ऽ ऽ	[illegible]	[illegible]	म
२	नगण	दिवस	सुख	। । ।	नगन	कमल	न
३	भगण	शशि	यश	ऽ । ।	भागन	मोहन	भ
४	यगण	जल	धनद	। ऽ ऽ	यगाना	बिहारी	य
५	जगण	रवि	शोक	। ऽ ।	जगान	मुरारि	ज
६	रगण	अग्नि	जारक	ऽ । ऽ	रागना	राधिका	र
७	सगण	वायु	भ्रम	। । ऽ	सगना	गिरिजा	स
८	तगण	व्योम	शून्य	ऽ ऽ ।	तागान	गोपाल	त
	गुरुवर्ण	...	...	ऽ	गा	रा	ग
	लघुवर्ण	...	...	।	ल	म	ल

छन्दः शास्त्र में "म, न, भ, य, ज, र, स, त, ग, ल" इन्हीं दशाक्षरों द्वारा (जो अष्ट गण और गुरु लघु के सूचक एवं संकेताक्षर हैं) कार्य्य सम्पादन होता है ।

उपर्युक्त आठों गणों के केवल रूप स्मरणार्थ यह दोहा भी कंठस्थ कर लेना योग्य है ।

दो०—आदि मध्य अरु अन्त लघु, क्रमशः य,र,तामान ।
भ,ज,सा,में गुरु मानिये, म,न, तिहुं गुरु, लघु जान ॥ २ ॥

भा०--जिस त्रिवर्णात्मक समुदाय के आदि में मध्य में और अंत में

। ऽ ऽ ऽ । ऽ ऽ ऽ ।

लघु वर्ण हो उसे यथा क्रम "यरत" अर्थात् यगण, रगण, और तगण कहते हैं । वैसेही जिस त्रिवर्णात्मक समूह के आदि में मध्य में और अंत

ऽ । । । ऽ । । । ऽ

में गुरुवर्ण हो उसे क्रमशः भ, ज, स, अर्थात् भगण, जगण, और सगण कहते हैं । और जिस त्रिवर्णात्मक समूह के तीनों वर्ण गुरु और लघु हों उसे

ऽ ऽ ऽ । । ।

यथा क्रम "म,न" अर्थात् मगण और नगण कहते हैं ।

गण गणना नियम ।

वर्ण वृत्तों में गण की गणना इस प्रकार करनी चाहिये कि आदि से लेकर तीन २ अक्षरों में गण घटित किये जावें, अन्त में जो वर्ण शेष रहें वे गुरु अथवा लघु होंगे ।

शुभाशुभ गण ।

दो०—म,न, भ,य, शुभ ज,र, स,त, अशुभ, शुभ कहि मङ्गल मूल ।
शाह आदि नर काव्य के, अशुभ धरहु नहिं भूल ॥ १ ॥

ऽ ऽ ऽ । । । ऽ । ।

भा०—आठ गणों में से "मन भय" अर्थात् मगण, नगण, भगण और

। ऽ ऽ । ऽ । ऽ । ऽ । । ऽ

यगण ये चार गण शुभ हैं और "जर सत" अर्थात् जगण, रगण, सगण,

ऽ ऽ ।

और तगण ये चार गण अशुभ हैं । नर काव्य रचते समय इस बात का अवश्य ध्यान रहे कि छन्द के आदि में कोई अशुभ गण न पड़ने पावे, क्योंकि कुगण पड़ने से छन्द की रोचकता नष्ट हो जाती है। अतएव प्रत्येक छन्द

के चारोंचरणों में से प्रथम चरण के तीन वर्णों में ही चार में से किसी एक शुभ गण का प्रयोग करना उचित है।

द्विगण विचार ।

यदि दैव संयोग से छन्द के आदि में कोई अशुभ गण पड़ ही जावे तो द्विगण का विचार प्रथम चरण के आदि के छः अक्षरों में ही कर लेना चाहिये, शेष चरणों में इनके बिचार की आवश्यकता नहीं।

दो०—मगण नगण ये मित्र हैं, भगण यगण गनि दास ।
उदासीन "जत" जानिये, रस रिपु करत विनास ॥ १ ॥

छप्पय—"मित्र मित्र" सिधि शाह, करत जय "मित्र दास" जुर ।
"मित्र उदासी" हानि, "मित्र रिपु" मित्र नाश फुर ॥
"दास मित्र" मिलि सिद्धि, "दास द्वै" देत हानि करि ।
"दास उदासी" क्लेश पराजय करत "दास अरि ॥
फल अल्प "उदासी मित्र" मिलि, दुःख "उदासी दास" दै ।
"द्वै उदासीन" मिलि अफलप्रद, "उदासीन" रिपु द्वेष भै ॥२॥

दो०—शत्रु मिलि शून्य फल, शत्रु दास प्रिय नाश ।
शत्रु उदासी शंक अति, शत्रु शत्रु मिलि नाश ॥ ३ ॥

यह उपर्युक्त सब विचार केवल नर काव्य के लिये है नकि दैव काव्य के लिये। क्योंकि दैव काव्य में अशुभ गणों का दोष नहीं माना जाता। अशुभ गण से यह अभिप्राय है कि जगण, रगण, सगण और तगण, जब पूरित शब्द हों, तभी दोष है। यथा—महान, बखान इत्यादि। यदि पूरित शब्द न हों किन्तु पृथक २ दो शब्दों के संयोग से इन चार में से कोई गण सिद्ध होता हो तो दोष नहीं है। यथा—तुलै न, करै न इत्यादि। ऐसेही और भी जानो।

गणागण विचार ।

दो०—मत्त छंद गुनि दोष गण, वर्ण वृत्त निरदोष ।
मंगल काव्य सु गान सुर, कछु न दग्ध गण दोष ॥

भा०—गणागण का दोष केवल मात्रिक छंदों में ही माना जाता है वर्ण वृत्तों में नहीं। यदि वर्ण वृत्तों में भी गण का दोष माना जाय तो

जिन वृत्तों के आदि में जगण, रगण, सगण और तगण हैं वे निर्दोष बन ही नहीं सकेंगे । हां ! जहां तक हो सके मंगल बाची शब्दों में ही भूषित किये आवें तो और उत्तम है । यदि ऐसा नियम न सध सकै तो कोई हानि भी नहीं । परन्तु मात्रिक छन्दों में भी मंगल बाची और देव बाची शब्दों तथा देव कथाओं के प्रसंग में दग्धाक्षर वा गणागण का दोष नहीं माना जाता । कहा है एक प्राचीन कवि ने—

दो०—इहां प्रयोजन गण अगण, और द्विगण को काहि ।
एकै गुण रघुबीर गुण, त्रिगुण जपत हैं जाहि ॥

पाठ ६

संख्या सूचक शब्दाः ।

काव्य में जहां कहीं संख्या दर्शाने का काम पड़ता है वहां कवि जन प्रायः संख्या सूचक शब्दों का ही प्रयोग किया करते हैं, अतः वे शब्द संक्षेपतः नीचे लिखे जाते हैं ।

० १ २
दो०—व्योम शून्य कहि चन्द्र इक, दोय पक्ष भुज नैन ।
३
अग्नि काल पुनि ताप त्रय, त्रिगुण राम शिव नैन ॥१॥
४
पाद वेद युग चार फल, वरण अवस्था चार ।
मुख बिरंचि के चार ही, आश्रम चार बिचार ॥२॥
५
कन्या इन्द्री शंभु मुख, पांचै कहियतु बान ।
यज्ञ भूत गति पांच ही, पांडव पांचै मान ॥३॥
६
राग शास्त्र अलिपद ऋतू, रस वेदांग छ ख्याल ।
७
मुनि सागर स्वर लोक गिरि, अश्व बार सत्र सात ॥४॥

८
योग याम बसु सिद्धि पुनि, दिग्गज कहिये आठ ।

९
अंक भक्ति भूखंड ग्रह, निधि नव करिये पाठ ॥ ५ ॥

१०
दश दिशा अरु दोष दश, रावण के दश भाल ।

नारायण अवतार दश, दश कहियतु दिक्पाल ॥ ६ ॥

११
सकल सुकवि जन के मते, एकादश शिव मान ।

१२
आभूषण रबि राशि को, द्वादश करत बखान ॥ ७ ॥

१३
परम भागवत किरण नदि, तेरह विश्वहि देव ।

१४
विद्या मनु चौदह रतन, भुवन चतुर्दश लेव ॥ ८ ॥

१५ १६
तिथि पन्द्रह षोड़श कला, संस्कार शृंगार ।

१७
द्वै संकेत मिलाय कै, सत्रह करु निरधार ॥ ९ ॥

१८ १९
अठरा व्यसन पुराण कहि, उन्निस द्वै संकेत ।

२०
नख बिंशति संख्या लिखी, शाह कबिन के हेत ॥ १० ॥

संख्या संकेतों के बदले उनके पर्य्यायी शब्द लिखने से भी दोष नहीं है । यथा—चन्द्र के बदले शशि, रवि के बदले सूर्य्य और इन्द्री के बदले गो इत्यादि ।

पाठ ७

छंद नियम ।

यदि सच पूछा जाय तो छंदों का सांचा जिह्वा है अर्थात जिह्वा के

सचे से ही छन्द बनते हैं और छन्दों की तुला श्रवण हैं। कहा है एक प्राचीन कबि ने-

दो०-तौलत तुल्य रहै न ज्यों, तुला कनक तिल आधु ।
त्योंही छन्दो भंग को, सहि न सकत श्रुति साधु ॥ १ ॥

अर्थात्-जैसे आधा तिल भी सुवर्ण तौलने से तुला तुल्य नहीं रहता वैसेही साधु कर्णों को अति अल्प भी छन्दो भंग सहन नहीं हो सकता । अतएव छन्द रचयिता को उचित है कि वह निम्न लिखित नियमों पर अवश्य ध्यान रक्खे—

१-किसी भी छन्द वा वृत्त की रचना के पूर्ब्ब उसकी ध्वनि अर्थात् चाल अथवा लय का भलीभांति अभ्यास कर लेवे और रच कर प्रत्येक छंद को विशेष कर सवैया, कवित्त, दंडक इत्यादि को अवश्य दुहरा कर पढ़े, कारण कि उनका सम्पूर्ण आशय चतुर्थ पद वा चतुर्थ पद के उत्त-रार्द्ध के आश्रित रहता है, जब तक चतुर्थ पद पढ़ने का समय आता है तब तक प्रथम तीन चरणों का सम्बन्ध ठीक स्मरण नहीं रहता, परन्तु दुहराने से सब आशय भलीभांति समझ में आ जाता है ।

२-दो०-धरहु निरर्थक शब्द नहिं, पूरण हित पद छंद ।
"ईर" पीर सब हरहिंगे, यथा शाह रघुनंद ॥ २ ॥

अर्थात्-पद पूर्णार्थ छन्द में निरर्थक अक्षर वा शब्दों का प्रयोग न करै, यथा-इस दोहे में मात्राओं की पूर्णता के अर्थ 'ईर' निरर्थक शब्द का प्रयोग किया गया है । यह निरर्थक दोष है । ऐसेही और भी समझो ।

दो०-अरुपद के अरु चरण सों, बरण मिलत यति भंग ।
शाह यथा श्री राम सी,-ता भजु सहित उमंग ॥ ३ ॥

अर्थात्-यथा संभव यति वा विश्राम परही छंद पद समाप्त करै, अन्य पद के अक्षर अन्य पद से न मिलने पावैं। यथा, इस दोहे के दूसरे दल में "सीता" शब्द का "ता" अक्षर दूसरे पद के साथ मिला हु-आ है । यह यति भंग वा छन्दो भंग दोष है । ऐसेही और भी जानो ॥

अब हम आगे ३६ प्रकार के उन मुख्य २ छन्दों वा वृत्तों का वर्णन करते हैं, जो आज कल बहुत प्रचलित हैं, और जिनका काम प्रायः भाषा

कविता में विशेष पड़ता है। उनका व्योरा इस भांति है, (मात्रिक) सम,—साधारण ८, दंडक १, अर्द्धसम ४, विषम २, और (वर्णिक) सम-साधारण १९, दंडक २, कुलयोग ३६ ॥

पाठ ८

सम प्रकरणम् ।

तत्रादौ

मात्रिक साधारण ॥

१ तोमर ।

लक्षण—तोमर रवी गल अंत ।

भावार्थ—तोमर छन्द के प्रत्येक पद में (रबि) १२ मात्रा होती हैं। अंत में (गल) गुरु लघु होते हैं। यथा—

उदाहरण—हे राम ! दाया धाम । कीजै दया बसुयास प्रभु ! दीनबंधु कहाय । करुदीन शाह सहाय ॥ १ ॥

२ पद्धटिका ।

ल०—पद्धटिका बसु बसु जगण अंत ।

भा०—पद्धटिका छन्द के प्रत्येक चरण में (बसु बसु) ८, ८ के बिश्राम से १६ मात्राएं होती हैं। अंत में जगण होता है। यथा—

उ०—करुणा निधान भगवान राम । करि कृपा देहु संतत बिराम ॥
हे प्रभु ! कहायतू दीन नाथ । करु शाह दीन जन को सनाथ ॥ २ ॥

३ चौपाई ।

ल०—चौपाई षोड़श ज,त, अंत न ।

भा०—चौपाई छंद के प्रत्येक पद में (षोड़श) १६ मात्राएं होती हैं अंत में (ज,त) जगण अथवा तगण न होना चाहिये—यथा—

उ०—कृपा धाम हे राम ! उदारा । कृपण भयो कस हमरिहिं बारा ॥
सम दरशी जग नाथ कहाई । अनुचर शाह लेहु अपनाई ॥ ३ ॥

सूचना—यदि इस छंद के चारों चरणों में अंत की एक २ मात्रा कम कर दी जावे अर्थात् अंत्याक्षर लघु रहे तो प्रति पद १५ मात्राओं का जय करी नामक छंद होता है। चौपाई आदि जो छंद चार पदों में लिखे जाते हैं उनके आधे अर्थात् दो पदों को अर्द्धाली कहते हैं॥

४ रोला।

ल०—रोला छंद विराम शंभु तेरा पर कीजे।

भा०—रोला छंद के प्रतिपद में (शंभु तेरा) ११,१३ के विश्राम से २४ मात्राएं होती हैं। अंत में गुरु लघु का कोई नियम नहीं है। यथा—

उ०—हे प्रभु! आनँदकन्द देहु आनन्द घनेरो। दीनदयाल दयाल होइ दीनहु तन हेरो॥ प्रणत पुकार तुरंत सुनन हारे भगवाना। अब जनि बैठहु शाहबेर अँगुरी दै काना॥ ४॥

५ नरेन्द्र।

ल०—छंद नरेन्द्र कला रवि यति करि, बरण अंत गुरु कीजै।

भा०—नरेन्द्र छंद के प्रतिपद में (कला,रवि) १६,१२ के विश्राम से २८ मात्राएं होती हैं अंत में गुरु होता है॥ यथा—

उ०— तुम हो राम चराचर स्वामी, हौं तेरो हौं चेरो।
तुमसों हमसों नाथ औरहू, है, संबंध घनेरो॥
तुम्हैं दीन जन भावत अतिशय, हौं अतिदीन कहायो।
शरणागत पालक बिलोकि प्रभु, शरण शाह तब आयो॥ ५॥

६ हरिगीतिका।

ल०—हरि गीतिका षोड़श दुआदश, अंत लघु गुरु दीजिये।

भा०—हरि गीतिका छंद के प्रतिपद में (षोड़श, दुआदश) १६,१२ के विश्राम से २८ मात्राएं होती हैं। अंत में (लग) लघु, गुरु होते हैं। इसकी ५,१२,१९,२६ वीं मात्राएं सदा लघु रहती हैं॥ यथा—

उ०—हे राम! यश धन धाम बहु विश्राम सँग विद्वान दे।
संतान सभ्य सुबुद्धि विद्या, स्वस्थता सनमान दे॥

निज भक्ति कविता शक्ति मंजुल, वृद्धि संतत कीजिये ।
औरौ न मांगेउं होउ जोउ सोउ, शाहसुख प्रभु दीजिये ॥ ६ ॥

७ चवपैया ।

ल०—साजौ चवपैया, दिशि, बसु, भूषण, अंतमांहिं गुरु लाई ।

भा०—चवपैया छंद के प्रतिपद में (दिशि, बसु, भूषण) १०,८,१२ के विश्राम से ३० मात्राएं होती हैं । अंत में गुरु होता है ॥ यथा—

अच्युत अविनाशी, आनँदराशी, अजर अमर अविकारी ।
अव्यय असुरारी, अधम उधारी, अनुचर आरति हारी ॥
अज अलख अरूपा, अकल अनूपा अनघ अनंत अनामा ।
सच्चित् आनंदा, आनँदकन्दा, करौ शाह उर धामा ॥ ७ ॥

८ त्रिभंगी ।

ल०—ये छंद त्रिभंगी, दिशि बसुबसु रस, रचौ अंत महं धारि गुरू ।

भा०—त्रिभंगी छंद के प्रतिपद में (दिशि, बसु, बसु, रस) १०,८,८, और ६ के विश्राम से ३२ मात्राएं होती हैं । अंत में गुरु होता है । यथा—

अनवद्य अकाया, अजित अमाया, अगुण अगोचर भेख धरौ ।
अद्वैत अभेदा, अखिल अखेदा, आदि अंत नहिं, देख परौ ॥
अनुचर अघ हरणा, अशरण शरणा, अनवच्छिन्न नित्त लसौ ।
सचराचर स्वामी, अन्तरयामी, सदा शाह के चित्त बसौ ॥ ८ ॥

सू०—यदि इस छंद के प्रतिपद के अंत में आठ २ मात्राएं और बढ़ा दी जावें तो १०, ८, १४ और ८ मात्राओं के बिश्राम से प्रतिपद ४० मात्राओं का मदनहर दंडक हो जाता है ।

पाठ ९

वर्ण साधारण ।

१ श्लोक ।

ल०—श्लोक योग लगौ षड्ग । अरव ला सम पाद कौ ॥

भा०—श्लोक के प्रतिपद में (योग) ८ वर्ण होते हैं । (लगौ) पांचवां वर्ण लघु और (षड्ग) छठवां वर्ण गुरु होता है । और सम अर्थात् द्वितीय

चतुर्थपदों में (अश्च ला) सातवां वर्ण भी लघु होता है। इसके अतिरिक्त अन्यवर्णों के लिये कोई नियम नहीं है। यथा—

उ०—दीनानाथ दयासिन्धु। शान्तरूप रमापते! ॥
शाह चित्त बसौ नित्य। विष्णु श्रीकमलापते! ॥ १ ॥

सू०—इस वृत्त का लक्षण एक पद में पूर्णतया सन्निवेशित न हो सकता था, अतः विवश दो पदों में लिखा गया, पाठक कोई भूल न समझें।

२ प्रमाणिका।

ल०—प्रमाणिका जरौ लगौ।

। ऽ ।   । ऽ ।
भा०—प्रमाणिका वृत्त के प्रतिपद में (जरौ लगौ) एक जगण, एक रगण,
 ।   ऽ
एक लघु और एक गुरु होता है। यथा—

उ०—अनादि आदि कारणं। अनेक भक्त तारणं ॥
अनीह शाह श्री निधे।। दयालु होहु श्री विधे! ॥ २ ॥

सू०—इसे नगस्वरूपिणी भी कहते हैं।

३ इन्द्रवज्रा।

ल०—स्यादिन्द्रवज्रा त भुजा जगौगा।

ऽ ऽ ।
भा०—इन्द्रवज्रा वृत्त के प्रतिपद में (त भुजा जगौ गौ) दो तगण,
। ऽ ।   ऽ
एक जगण और दो गुरु होते हैं। यथा—

उ०—लोकेश लक्ष्मीपति चक्रपाणि। रामेश रामावर श्री अमानी ॥
श्रीनाथ नारायण भक्त प्यारे। ही में बसौ शाह सदा हमारे ॥३॥

सू०—यदि इस वृत्त के चारो चरणों में आदि का वर्ण लघु कर दिया
। ऽ ।   ऽ ऽ ।   । ऽ ।   ऽ
जाय, तो प्रतिपद एक जगण, एक तगण, एक जगण और दो गुरु का उपेन्द्र-वज्रा नामक वृत्त हो जाता है। इन्द्र वज्रा और उपेन्द्रवज्रा के मेल से १६ वृत्त बनते हैं, विस्तार भयात् वे यहां नहीं लिखे गये, परन्तु प्रत्येक चरण

के आदि में गुरु की जगह इन्द्रवज्रा और लघु की जगह उपेन्द्रवज्रा के पद समझ लेना चाहिये।

४ रथोद्धता।

ल०—है रथोद्धतहु रो न रो लगो।

ऽ।ऽ
भा०—रथोद्धता वृत्त के प्रतिपद में (रो न रो लगो) एक रगण, एक
।।।   ऽ।ऽ   ।   ऽ
नगण, एक रगण एक लघु और एक गुरु होता है। यथा—

उ०—भक्त पाल भगवन्त भूपते। राम राघव हरी रघूपते! ॥
कारुणीक करुणा धरे रहौ। बास शाह उर में करे रहौ ॥ ४ ॥

५ शालिनी।

ल०—शालिनी साजौ म तो पत्त गो गो।

ऽऽऽ
भा०—शालिनी वृत्त के प्रतिपद में (म तो पत्त गो गो) एक मगण
ऽऽ।   ऽ
दो तगण और दो गुरु होते हैं। यथा—

उ०—पद्मी लक्ष्मी कांत व्यालारि गामी।
राघौ सीता नाथ बैदेहि स्वामी ॥
केशौ दाया सिंधु गोबिन्द माधौ।
हे हे स्वामी! शाह के काज साधौ ॥ ५ ॥

६ वंशस्थविलम्।

ल०—बनाय वंशस्थविलं जतो जरो।

।ऽ।
भा० वंशस्थविलं वृत्त के प्रतिपद में (जतो जरो) एक जगण एक
ऽऽ।   ।ऽ।   ऽ।ऽ
तगण एक जगण और एक रगण होता है। यथा—

उ०—हरे! मुरारी जन दीन बांधवा। मुकुन्द गोविन्द वृजेन्द्र माधवा ॥
दयालु दामोदर श्याम सांवरे। सुशाह के हीय तुरंत आवरे ॥६॥

सू०—यदि इस वृत्त के चारों चरणों में आदि का वर्ण गुरु कर दिया

ऽ ऽ । ।ऽ । ऽ।ऽ

जावे तो प्रतिपद दो तगण, एक जगण और एक रगण का इन्द्रवंशा वृत्त होता है।

७ तोटक।

ल०—यहि तोटक वृत्त सवेद रचो।

।।ऽ

भा०—तोटक वृत्ति के प्रतिपद में (स वेद) चार सगण होते हैं। यथा—

उ०—भगवन्त अनंत रमा रमणं। दुख दारिद दीनन के शमनं॥

करुणा निधि केशव मोद प्रदा। प्रतिपाल करो जन शाह सदा॥७॥

सू०—यदि इस वृत्त के चारों चरणों के आदि में एक लघु और रख दिया जावे, और अंत में के गुरु निकाल कर शेष रहे हुये अन्त के लघु

।।। ऽ।। ऽ।ऽ

वर्ण गुरु कर दिये जावें तो प्रतिपद एक नगण दो भगण और एक रगण का द्रुतविम्बवित नामक वृत्त हो जाता है।

८ भुजङ्ग प्रयात।

ल०—भुजङ्ग प्रयातो य चौ साजि लीजै।

।ऽऽ

भा०—भुजङ्ग प्रयात वृत्त के प्रतिपद में (य चौ) चार यगण होते हैं। यथा—

उ०—अहिल्या तरी मुक्त भै भीलनी की।

करी बेगिरक्षा दुखी द्रौपदी की॥

जहां जो पुकारे तहां सुद्धि लीन्हीं।

प्रभो! शाह की बेर क्यों देर कीन्हीं॥ ८॥

९ वसन्ततिलका।

ल०—साजो वसन्ततिलका त भ जो ज गो गो।

भा०—वसन्ततिलका वृत्त के प्रतिपद में (त भ जो ज गो गो) एक

ऽऽ। ऽ।। ।ऽ। ऽ

तगण, एक भगण, और दो जगण और दो गुरु होते हैं। यथा—

उ०—पद्माक्ष पद्म भव शाह विभोनमामि ।
चक्री जगेश कमलेश खगेश गामी ॥
हे ! हे !! दयानिधि प्रभो ! गज मुक्ति कारी ।
संसार जन्मित विपत्ति हरौ हमारी ॥ ९ ॥

१० मालिनी ।

ल०—न जुगुल मय नैना, मालिनी सिद्धि लोका ।

भा०—मालिनी वृत्त के प्रति चरण में (न जुगुल मय नैना) दो
। । ।   ऽ ऽ ऽ   । ऽ ऽ
नगण, एक मगण और दो यगण होते हैं (सिद्धिलोका) ८, ७ पर यति होती है यथा—

उ०—भुवन तिहुं बिलासी, लोक बैकुंठ बासी ।
प्रणत दुख बिनाशी, मूर्त्ति आनन्द राशी ॥
प्रभु ! द्रुत सुधि लीजै, प्रार्थना कान कीजे ।
सब बिधि सुख दीजै, शाह कल्याण कीजे ॥ १० ॥

११ नराच ।

ल०—नराच वृत्त साजि लीजिये जरो जरो जगो ।

। ऽ ।
भा०—नराच वृत्त के प्रतिपद में (जरो जरो जगो) एक जगण, एक
ऽ । ऽ   । ऽ ।   ऽ । ऽ   । ऽ ।   ऽ
रगण, एक जगण, एक रगण, एक जगण और एक गुरु होता है । यथा—

उ०—गयंद गीध गौतमी तिया जटायु भीलनी ।
निषाद नीच पातुरै गती मिली अभीलनी ॥
बिलंब ना करौ कछू निजै सुबानि सो धरौ ।
प्रभो ! रमेश बेगि शाह के कलेश को हरौ ॥ ११ ॥

सू०—इसे पंच चामर भी कहते हैं ।

१२ शिखरिणी ।

ल०—शिखर्णी को साजौ ऋतु शिव यमो नोस भलगो ।

भा०—शिखरिणी वृत्त के प्रति पद में (य मो नो स भ ल गो) एक

। ऽ ऽ   ऽ ऽ ऽ   । । ।   । । ऽ   ऽ । ।   ।

यगण, एक मगण, एक नगण, एक सगण, एक भगण, एक लघु और एक

ऽ

गुरु होता है। (ऋतु, शिव) ६,११ पर यति होता है। यथा—

उ०—खरारी कंसारी, तनिक सुनिये शाह बिनती।
सुखी कीन्हें जेते, करहि तिनकी कौन गिनती॥
उतै को ना देखो, सुख प्रद इतै को रुख करो।
करौ नाहीं देरी, प्रभु सब हमारे दुख हरौ॥ १२॥

सू०—यदि इस वृत्त के चारों चरणों में यगण की जगह जगण, मगण की जगह सगण, नगण की जगह जगण, और भगण की जगह यगण,

। ऽ ।   । । ऽ

रखकर ८,९ पर यति मानी जावे तो प्रति पद एक जगण, एक सगण,

। ऽ ।   । । ऽ   । ऽ ऽ   ।   ऽ

एक जगण, एक सगण, एक यगण, एक लघु और एक गुरु का पृथ्वी वृत्त होता है। और यदि पृथ्वी के चारों चरणों मे प्रथम जगण की जगह नगण, दूसरे जगण की जगह मगण दूसरे सगण की जगह रगण, और यगण की जगह सगण रखकर ६, ४, ७, पर यति मानी जावे तो प्रति

। । ।   । । ऽ   ऽ ऽ ऽ   ऽ । ऽ   । । ऽ   ।

पद एक नगण, एक सगण, एक मगण, एक रगण, एक सगण एक लघु

ऽ

और एक गुरु का हरिणी वृत्त होता है।

१३ मन्दा क्रांता।

ल०—मन्दाक्रान्ता, युग रस मुनी, मोभ नोतो त गो गो।

भा०—मन्दाक्रान्ता, वृत्त के प्रतिपद में (मो, भ नो, तो, त, गो गो)

ऽ ऽ ऽ   ऽ । ।   । । ।   ऽ ऽ ।   ऽ

एक मगण, एक भगण एक नगण दो तगण और दो गुरु होते हैं। (युग, रस, मुनी) ४,६,७ पर यति होती है॥ यथा—

उ०—लक्ष्मी स्वामी, कमलज विधे ! विष्णु पक्षी खरारी ।
हे ! दैत्यारी, प्रभु सियपते ! दीन सन्ताप हारी ॥
दाया कीजै, बिनय सुनिये, शाह की हे ! रमेशा ।
केशौ मेरे, तुरत सिगरे, काटि दीजै कलेशा ॥ १३ ॥

१४ शार्दूल विक्रीड़ित ।

ल०—ये शार्दूल विक्रीड़ितौ रबिमुनी, मो, सो, ज, सो, तो, त, गो ।

भा०—शार्दूल विक्रीड़ित वृत्त के प्रतिपद में (मो, सो, ज, सो, तो,
ऽऽऽ ।।ऽ ।ऽ। ।।ऽ ऽऽ। ऽ
त, गो) एक मगण, एक सगण, एक जगण, एक सगण, दो तगण और एक गुरु होता है । (रबिमुनी) १२, ७ पर यति होती है ॥ यथा—

उ०—शांताकार नवीन कंज नयने ! शारंग धारी प्रभो! ।
विश्वाधार नृसिंह भक्त सुखदा, दीनार्त हारी विभो! ।
हौं हौं होत निमग्न सिंधु दुख में, कैसे लहौं थाह को ।
स्वामी दौरहु बेगि बांह गहिकै, काढ़ौ निजै शाह को ॥ १४ ॥

१५ स्रग्धरा ।

ल०—साजौ ये स्रग्धरा को, गुण मुनि करिकै, मोर भोनोय रामै ।
ऽऽऽ
भा०—स्रग्धरा वृत्त के प्रतिपद में (मोर भोनोयरामै) एक मगण,
ऽ।ऽ ऽ।। ।।। ।ऽऽ
एक रगण, एक भगण, एक नगण, और तीन यगण होते हैं । (गुण×मुनि) ७,७,७ पर यति होती है ॥ यथा—

उ०—अन्तर्य्यामी सुरेशा, विरज निरगुणे ! ब्रह्म निर्वाण दाता ।
मायाधारी खरारी, सगुण बपु धरे, भूपते ! दीन त्राता ॥
गोपीप्यारे कन्हैया, मुरलिधर हरे ! कृष्ण कान्हा कन्हाई ।
हे स्वामी ! शाहबांछा, पुरवहु सिगरी , काह देरी लगाई ॥ १५ ॥

॥ पाठ १० ॥

वर्ण साधारणान्तर्गत सवैया वर्णन

दल—सम तुकान्त जिहिं वृत्त की ताहि सवैया जान ।

भा०—जिन वृत्तों के तुकान्त अर्थात चारों चरणों के अंत्याक्षर एक से होते हैं, उन्हें सवैया कहते हैं। सवैयाओं में प्रायः गुरु लघु का क्रम ठीक २ न मिलने के कारण कभी २ पाठकों को भ्रम होता है कि यथार्थ में ये सवैया हैं या कोई विशेष मात्रिक छन्द। प्रथम लिख चुके हैं कि वर्णों का गुरुत्व अथवा लघुत्व केवल उच्चारण पर निर्भर है न कि लिखावट पर। यदि लिखावट पलट दें, तो शब्द ही अशुद्ध और निरर्थक हो जावें। अतएव शब्दों को प्रायः जैसे के तैसे ही रहने देते हैं और प्रसंगानुसार गुरु का उच्चार लघु और लघु का उच्चार गुरु करके इष्ट गण मान लेते हैं, ऐसे प्रसंग विशेष दृष्टिगत होते हैं। परंतु यथा संभव शब्द एवं पद योजना ऐसी होनी चाहिये कि प्रत्येक चरण में गणों के रूप स्पष्ट रूप से दीखपड़ें॥ सवैया वृत्त कई प्रकार के होते हैं, परंतु उनमें से केवल मुख्य २ भेद नीचे लिखे जाते हैं॥

१ मत्तगयंद।

ल०—मत्त गयंद त्रिविंशति अक्षर भो मुनि गो भुज साजि सवैया।

भा०—मत्त गयंद सवैया के प्रतिपद में (भो मुनि गो भुज) सात

ऽ।। ऽ

भगण और दो गुरु अर्थात् २३ अक्षर होते हैं॥ यथा—

उ०—कै कलिकाल कराल बिलोक तिलोकपते बिय बानि धरी है।
कै कहुं दूर पै कीन्ह निवास जो दास पुकार न कान परी है॥
कै अरु पापिन दीनन तें अबहूं कमती करनी हमरी है।
शाह कलेश निवारन काज रमेश! कहो कह देर करी है॥ १॥

सू०—यदि इस सवैया के चारों चरणों में अंत का गुरु वर्ण लघु कर

ऽ।। ऽ ।

दिया जावे, तो प्रतिपद ७ भगण एक गुरु और एक लघु का चकोर नामक सवैया होता है। और यदि अंत का गुरु वर्ण निकाल ही डाला

ऽ।। ।

जावे अर्थात् २२ ही अक्षर रक्खे जावें तो प्रतिपद ७ भगण और एक गुरु का मदिरा सवैया होता है॥

२ किरीट।

ल०—वृत्त किरीट बनै अति सुन्दर भो बसु चौबिस आखर धारत।

ऽ।।

भा०—किरीट सवैया के प्रतिपद में (भोबसु) आठ भगण अर्थात् २४ अक्षर होते हैं॥ यथा—

उ०—स्वामि ! महा पछिताव की बात है रावर आछत हौं दुख पावत।
नव्य भली रचिकै यश काव्य प्रशंसि तुम्हैं नित शाह सुनावत॥
द्रव्य धरा सुख साज के देत भैं क्यों उर में असमंजस लावत।
तू जगदीश्वर भूपति है मम हौहुं कवीश्वर तेरो कहावत॥ २॥

सू०—यदि इस सवैया के चारों चरणों में अन्त का लघु वर्ण गुरु कर

ऽ।। ऽ।ऽ

दिया जावे तो प्रतिपद सात भगण और एक रगण का अलसा नामक सवैया हो जाता है॥

३ मकरंद।

ल०—भलो मकरंद हि चौबिस आखर जो मुनियो धरिलेहु बनाई।

।ऽ।

भा०—मकरंद सवैया के प्रतिपद में (जो मुनियो) सात जगण और

।ऽऽ

एक यगण अर्थात् २४ अक्षर होते हैं॥ यथा—

उ०—अघी अति मैं तुम पातकी पावन हौ यदि तौ जनपाप हरौगे।
महानहौं दीन मैं दानि महा तुम हौ तब दीनता ताप दरौगे॥
नियुक्त नहीं कर तूति ही पै कछु तारि हौ तौ यश छाप धरौगे।
जु पै प्रभु शाह अहौ करुणाकर तौ करुणा तुम आप करौगे॥ ३॥

सू०—यदि इस सवैया के चारों चरणों में अंत का गुरु वर्ण लघु कर

ऽ।ऽ

दिया जावे तो प्रतिपद आठ जगण का माधव नामक सवैया होता है। और यदि अंत का गुरु वर्ण निकाल ही डाला जावे अर्थात् २३ ही अक्षर

।ऽ। । ऽ

रक्खे जावे तो प्रतिपद ७ जगण एक लघु और एक गुरु का सुमुखी सवैया होता है॥

४ दुर्मिल।

ल०—यहि दुर्मिल सो बसु लेहु बनाय पदै प्रति चौबिस आखर है॥

। । ऽ

भा०—दुर्मिल सवैया के प्रतिपद में (सो बसु) आठ सगण अर्थात २४ अक्षर होते हैं॥ यथा—

उ०—बहु धूम करै नित गाय बजाय गंधर्ब औ किन्नर द्वारन में।
सुर बृन्द अनेक विधी तब नाम जपैं यश भूरि उचारन में॥
कहु शाह भला किमि कान परै सुनि तूती की नाद नगारन में।
प्रभु दीन दयाल ह्वै देर करी कसदीन विपत्ति बिदारन में॥ ४॥

सू०—यदि इस सवैया के चारों चरणों के अंत में एक एक गुरु और बढ़ा

। । ऽ

दिया जावे अर्थात् २५ अक्षर कर दिये जावें तो प्रतिपद ८ सगण और एक

ऽ

गुरु का सुन्दरी सवैया होता है। और यदि अंत में दो लघु बढ़ाये जावें

। । ऽ ।

अर्थात् २६ अक्षर कर दिये जावें, तो प्रतिपद ८ सगण और दो लघु का कुन्दलता नामक सवैया हो जाता है॥

पाठ ११

समान्तर्गत दंडक प्रकरण॥

तत्रादौ।

मात्रिक दंडक।

१ झूलना।

ल०—झूलना साजिये राम दिगपाल मुनि अंतमें अवशि गुरु वर्ण कीजे।

भा०—झूलना दंडक के प्रतिपद में (राम, ×दिगपाल, मुनि) १०, १० १० और ७ के बिश्राम से ३७ मात्राएं होती हैं। अंत में गुरु होता है॥ यथा

उ०—लिखत लिपि माथ में, ब्रह्म तब हाथ ते।
नाथ यदि ह्वै गयो होय धोखो।

सुःख के थान में, भूलते दुःख लिखि भर दयो होय मसि रंग चोखो ॥
राम तिहिं लेख पै, ध्यान ना देहु अब, अकर कृत करखि निज बानि धारो ।
सुःख धन धाम दै, शाह बिश्राम दै कर्म की रेख पै मेख मारो ॥१॥

सू०—यदि इस दंडक की यति ८,१२,८ और ९ पर मानी जावे तो करखा नामक दंडक होता है ।

वर्ण दंडक ।

वर्ण दंडकों में साम्प्रति कबित्त बिशेष प्रसिद्ध हैं अतः आगे उन्हीं का उल्लेख किया जाता है ।

वर्ण दंडकान्तर्गत-
कबित्त वर्णन ।

दल—दंडक मिलत तुकान्त सम, मुक्तक कवित बखान ।

भा०—जिन दंडकों के तुकान्त अर्थात् चारों चरणो के अंत्याक्षर एक से होते हैं उन्हें मुक्तक कबित्त कहते हैं । मुक्तक कहने का प्रयोजन यह है कि ये कबियों को गणागणादि के बंधन से मुक्त करने हारे हैं । मुक्तक के प्रति पद में केवल अक्षरों की संख्या का ही प्रमाण रहता है, और अंत में गुरु वा लघु का भी नियम होता है । इसके अतिरिक्त और कोई बिशेष नियम नहीं है । परन्तु इतना और स्मरण रहे कि कबित्त में सम प्रयोग अत्यन्त कर्ण प्रिय होते हैं । यदि कहीं विषम प्रयोग आ जावे तो उसी के आगे एक बिषम प्रयोग और रख देने से बिषमता नष्ट हो कर समता प्राप्त हो जाती है । दो वर्ण के समूह को सम और तीन वर्ण के समूह को बिषम प्रयोग कहते हैं ।

कबित्त कई प्रकार के होते हैं परन्तु यहां पर केवल मुख्य मुख्य भेद ही लिखे जाते हैं ।

१ मनहर ।

ल०—मनहर कबित सिंगार तिथि यति मानि,
इकतिस आखरनि अंत गुरु करिये ।

भा०—मनहर कबित्त के प्रति पद में (सिंगार तिथि) १६, १५ के बिश्राम से ३१ वर्ण होते हैं । अंत का वर्ण गुरु होता है । यथा—

उ०—पतित उधारन भय हौ तारि पापिन को,
प्रभुता दिखैबो हेतु प्रभु नाम धारे को ।
दाया करि दीन पै कहाये तुम दीन द्याल,
दीना नाथ बने हौ सनाथ कै अपारे को ॥
कीन्हें तैं सहाय धाय २ जन दीनन की,
शाह दीन बंधु मिली पदवी तुम्हारे को ।
बिपति हरैया अब तबहीं कहैहो राम,
हरिहौ जबहिं दुःख दारिद हमारे को ॥१॥

सू०—इसको घनाक्षरी भी कहते हैं ।

२ रूप घनाक्षरी ।

ल०—रूपक घनाक्षरी कबित्त यति सोरा सोरा,
साजि लेहु बत्तिस बरण लघु धरि अंत ।

भा०—रूप घनाक्षरी कबित्त के प्रति पद में १६, १६ के बिश्राम से ३२ वर्ण होते हैं । अंत का वर्ण लघु होता है । यथा—

उ०—पापिन में मुखिया हौं दुखिया हौं दीनन में,
सकल बृतान्त कहौं काहि २ दीनानाथ ।
आपनो हितैषी जानि जाहि मैं सुनाऊं जाय,
बिपदा ग्रसित पाऊं ताहि २ दीनानाथ ॥
धर्म्म कर्म्म हीन त्योहीं देखि असहाय शाह,
हा हा नाद सुनि बेगि त्राहि २ दीनानाथ ।
दीनन के बंधु सुख सिंधु करुणा के धाम,
आनँद के कंद राम पाहि २ दीनानाथ ॥२॥

सू०—यदि इस कबित्त के चारों चरणों में अंत के दो दो वर्ण लघु रक्खे जावें तो जलहरण नामक कवित्त होता है, और यदि चारों चरणों में आदि से अंत तक सब वर्ण लघु ही रक्खे जावें तो प्रति पद ३२ लघु वर्ण का डमरू कवित्त होता है ॥

इति सम प्रकरण ।

—

पाठ १२

अर्द्ध सम प्रकरण-तत्रादौ

मात्रिकार्द्धसम ।

१ बरवै ।

ल०—बरवै छंद विषम रबि, सम मुनि गोल ।

भा०—बरवै छंद के बिषम अर्थात् प्रथम, तृतीय चरणों में (रबि) बारह २ मात्राएं और सम अर्थात् द्वितीय, चतुर्थ चरणों में (मुनि) सात सात मात्राएं होती हैं । अंत में (गोल) गुरु, लघु होते हैं । यथा—

उ०—शाह दास के स्वामी, हे रघुराज! ।
बाहँ गहे की अब तौ राखहु लाज ॥१॥

२ दोहा ।

ल०—दोहा जन बिषमनि सरन, सम जत कल किरणेश ।

भा०—दोहा छंद के बिषम अर्थात प्रथम, तृतीय चरणों में (किरण) तेरह तेरह मात्राएं और सम अर्थात् द्वितीय चतुर्थ चरणों में (ईश) ग्यारह

। । ऽ ऽ । ऽ

ग्यारह मात्राएं होती हैं । बिषम चरणों के अंत में (स र न) सगण, रगण

। । ।　　　　　　　　　　। ऽ ।

अथवा नगण होता है, और सम चरणों के अंत में (ज त) जगण अथवा

ऽ ऽ ।　　　　　　　　　　। ऽ ।

तगण होता है । परन्तु बिषम चरणों के आदि में (ज न) जगण न होना चाहिये । यथा—

उ०—समरथ सब लायक सबल, हे प्रभु ! करणा भौन ।
शाह दुसह दुख दरन में, तुम्हैं कठिनता कौन ॥२॥

। ऽ ।

सू०—दोहे के आदि में जगण पूरित शब्द का रखना दोष है, परन्तु यदि पृथक् २ दो शब्दों के मिलने से जगण सिद्ध होता हो तो दोष नहीं है ।

३ सोरठा ।

ल०—सोरठ बिषमनि ईश, सम तेरा दोहा उलटि ।

पाठ १४

छन्दाभिज्ञ काव्य रचयिता को यह भी जानना आवश्यक है कि कौन २ रसों के लिये कौन २ छन्द अनुकूल वा प्रतिकूल हैं। यद्यपि यह बात अद्यावधि निश्चित नहीं हुई है, कारण कि सर्व कवियों की प्रकृति प्रायः एक सी नहीं होती, तथापि वर्णवृत्तों के विषय में जो कुछ बहुमत से स्थिर हुआ है वह एक कोष्टक द्वारा नीचे दर्शाया जाता है॥

संख्या	रस	छन्द जो अनुकूल हैं	प्रतिकूल
१	शृंगार	शार्दूल विक्रीड़ित, बसन्ततिलका, पृथ्वी, हरिणी, शिखरिणी, मन्दाक्रांता, मालिनी, स्रग्धरा, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, रथोद्धता, द्रुतविलम्बितादि ...	पथ्यादि
२	हास्य	दोधक, तोटक, भुजङ्गप्रयात इत्यादि ...	पृथ्वीआदि
३	करुणा	मालिनी, द्रुतविलम्बित, मन्दाक्रान्ता, पुष्पिताग्रादि ...	दोधकादि
४	रौद्र	शार्दूलविक्रीड़ित, हरिणी, स्रग्धरा, रथोद्धता, अनुष्टुप्आदि ...	शिखरिणी आदि
५	बीर	शार्दूलविक्रीड़ित, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, वंशस्थविलं, शिखरिणी, स्रग्धराआदि ...	प्रहर्षिणी, मालिनी आदि
६	भयानक	शार्दूलविक्रीड़ित, स्रग्धरा, पथ्यादि ...	मालिनी आदि
७	वीभत्स	शार्दूलविक्रीड़ित, स्रग्धरा, वंशस्थविलं, रथोद्धतादि ...	मंदाक्रांतादि
८	अद्भुत	शार्दूलविक्रीड़ित, नंदिनी, कुसुमविचित्रा, शालिनी, स्वागता, उपचित्र, वसन्ततिलका, इन्द्रवज्रादि ...	शिखरिणी आदि
९	शांत	शार्दूल विक्रीड़ित, शिखरिणी, मंदाक्रांतादि ...	कुसुम विचित्रादि

बिदित होकि यह बिचार केवल वर्ण वृत्तों हीं के लिये है। मात्रिक सब छंद तथा कबित्त सवैयादि तो सब रसों के लिये अनुकूल हैं। यहां पर यह भी कह देना उचित होगा, कि उपर्युक्त कोष्ठांकित, दोधक, स्वागता, कुसुम बिचित्रादिकों का समावेश चौपाई छंद में समझ कर, और प्रहर्षिणी, नंदिनी, उपचित्र, पुष्पिताग्रा। पथ्यादि की हिन्दी भाषा में आवश्यकता न देखकर ही उनका बर्णन इस भाषा प्रधान छोटी सी पुस्तक में नहीं किया गया। शेष सब छंद यथा स्थान में लिख दिये गये हैं॥

उपर्युक्त ज्ञान प्राप्त होने के साथही इस विषय से अभिज्ञ हो जाना भी उत्तम प्रतीत होता है, कि कौन विषय किस छंद में वर्णित होना चाहिये। यद्यपि इस विषय में भी अभी बहुत कुछ न्यूनता है, तथापि वर्णवृत्तों के लिये बहुसम्मति से जो निश्चय हुआ सो हम पाठकों के भेंट करते हैं। देखिये निम्नांकित कोष्ठक!।

संख्या	विषय	उपयुक्त छन्द	संख्या	विषय	उपयुक्त छन्द
१	ऋतु	उपजाति	४	बर्षा, प्रबास	मन्दा क्रान्ता
२	नीति	वंशस्थ बिलम्	५	स्तुति, यश, शौर्य्य	शार्दूल विक्रीड़ित, शिखरिणी
३	चन्द्रोदय	रथोद्धता	...	...	...

प्रगट हो कि यह बिचार केवल वर्णवृत्तों ही के लिये है। मात्रिक सब छन्द तथा कवित्त सवैयादि तो सब रसों के लिये अनुकूल हैं।

अंत में सर्व सज्जन कवि कोबिद पाठक महाशयों से सविनय निवेदन है कि इस पुस्तक में यदि कहीं कुछ त्रुटि प्रतीत होवे तो कृपया सूचितकर मुझे चिरबाधित करने की कृपा करें॥ शम्॥

इति श्री सय्यद छेदाशाह उपनाम शाहकवि कृते काव्य शिक्षान्तर्गत छंदवर्णनंनाम तृतीयो भागः॥ ३॥ शुभम्भूयात्-

(विशेष प्रार्थना)

आशा है कि इस तृतीय भाग छंदवर्णन को पढ़कर काव्य प्रेमी सज्जन महाशय काव्यशिक्षा प्रथम भाग (कवि वर्णन) वा द्वितीय भाग (काव्य वर्णन) और चतुर्थ भाग (शब्दार्थ वर्णन) को अवश्य ही पढ़ने की कृपा करेंगे। साथही यह भी विदित होवे कि काव्यशिक्षा नामक ग्रंथ में काव्य की समग्र सामग्री का वर्णन किया गया है, जिन महाशयों को कवि बनने की इच्छा होवे इसे अवश्य अवलोकन करें, यदि एक बार आद्योपांत मनन करने से काव्य निर्माण शक्ति न उत्पन्न होवे तो उपालंभ पूर्ब्बक पुस्तक का मूल्य लौटाय लेवें।

यह काव्यशिक्षा ग्रंथ द्वादश भागों में समाप्त हुआ है। सर्ब साधारण की सुगमता के हेतु उसके प्रत्येक भाग पृथक् २ मुद्रित हो रहे हैं, और वे यथा समय पाठकों की सेवा में क्रमशः उपस्थित होते रहेंगे॥

विद्वत्सुअलम्। विनीत-(शाह)

ॐ

गोत्रावली—प्रवराध्यायी

अर्थात्

ब्राह्मण गोत्र सम्बन्धी मात्र के योग्य है

जिसको

पण्डित छेदालाल शुक्ल ब्रह्मचारी उपदेशक ने

(ग्राम दहेली कोश १ सवई—जहां भये तिवारी रमई)

संपादनकी

और

संवत् १९४३ में कान्यकुब्जमंडल प्रयागराजने संशोधनकी

यह पुस्तक नीचे लिखे पते पर मिलेगी

उपदेशकोंके पास वा जिला—कानपुर डाकखाना
कठार गोरक्षा पाठशाला ग्राम दहेली में रामरत्न
रामगोपाल शुक्ल के पास मिलैगी

कानपुर

कैलास-यंत्रालय पं० शिवशंकरलालवा० के प्रबंधसे मुद्रित हुई

चौथीबार १०००] [मूल्य ~)

श्रीगणेशायनमः ।

वेद भाष्य भूमिका ।

ब्राह्मणास्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः ।
उरूतदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यांशूद्रो अजायत ॥

टीका—इस सृष्टि में जो मुखके सदृश उत्तमहै वह ब्राह्मण, जिसमें बल वीर्य अधिक हो अर्थात् बाहू सदृश वह क्षत्री है, जो उरू के समान अनेक स्थानों पर जाके वणिज कर वह वैश्य, और जो पग अर्थात् नीच अंगो के समान मूर्खत्वादि गुणवाला हो वह शूद्र है । ऐसी सृष्टि के उत्पन्न करने वाले पूर्ण व्यापक परमात्मा को दंडवत करता हूं । य० अ० ११ मं० ११

प्र०—हमारे पूर्वज लोग कौन थे और क्या पढते थे ?

उ०—ऋषि थे और वेद पढ़ते पढ़ाते थे वह वेद यह हैं:—

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इन चारों वेदों को ऋषि लोग पढ़ते थे और इसी कारण से चारों वेदों के द्विजाति अनेक गोत्रों में प्रकाशित हैं जैसा कि यजुर्वेद के भारद्वाज गोत्र में और भारद्वाज गोत्र के ऋग्वेद, में और इसी गोत्र में सामवेद और अथर्ववेद के द्विजाति भी हैं इसी तरह कश्यप गोत्र में चारों वेदों के द्विजाति हैं संशय का कारण नहीं इस लिये यह गोत्राबली प्रवराध्यायी प्रमाण गुरु चरित्र वा मनुस्मृति अध्याय दूसरा श्लोक १७ से २२ के अनुसार सब गुणज्ञ लोगों के सन्मुख रखता हूं कि आप पढ़ें और बालकों को पढावे क्योंकि ब्राह्मण जगद् गुरू कहलाते हैं परंतु आपही अपना हाल नहीं जानते अब द्विजाती मात्रको यह जानना उचित है कि गोत्र, वेद, उपवेद, शाखा, सूत्र, प्रवर, सिखा, पाद, देवता, आदि सब जानना योग्य हैं अब हम चारों वेदों का संक्षिप्त वर्णन करते हैं अपना वेद बदलने के अर्थ जिसका जौन हो ।

ऋग्वेद—का उपवेद आयुर्वेद, शाकल, वाष्कल, आश्वलायन आदि १२ भेदहैं यह समग्र हाल गुरु चरित्र के देखने से सूचित होता है। शिखा बाम, पाद बाम, देवता ब्रह्मा, गायत्री छंदः।

यजुर्वेद—इसके ८६ भेद हैं उपवेद धनुर्वेद, शाखा माध्यंदिनी, वाजसनेयी आदि, सूत्र कात्यायन, शिखा, पाद दाहिन, शिव देवता, त्रिष्टुप् छन्द।

सामवेद—उपवेद गांधर्व, शाखा कौथुमी, शिखा, पाद बाम, अनुष्टुप्छन्दः, देवता विष्णु।

अथर्ववेद—का उपवेद मंत्र शास्त्र, शाखा पैप्पल, शिखा, पाद बाम इन्द्र देवता, अनुष्टुप् छंदः।

शौचक्रिया का मन्त्र।

उत्तिष्ठंति सर्व देवानां, तिष्ठंति महीतले। मल मूत्र करिष्यामि, मम दोषो नदीयते॥

दतून तोड़ने का मन्त्र।

बंशपती बन वर्धती, पत्र पत्र बनराज। मम हेत मुख मंजनी, दतून दे बन राज॥

अथ दंतधावन मन्त्र।

आयुर्बलं यशो वर्चाः, प्रजापति वशूनिच। धर्म संतान वृद्धिःस्यात्, तन्नो देव वनस्पतिः॥

अथ सूर्य्यार्घ्य मन्त्र।

एहि सूर्य्य सहस्रांशे तेजो राशे जगत्पते॥ अनुकम्पय मांभक्त्या गृहाणार्घ्यं दिवाकर॥ १॥

गोत्रोत्पन्नोहं,	वेद,	उपवेद,	शाखा,	सूत्र, ।	प्रवर,			। शिखा,	पाद,	देवतास्म०
भारद्वाज	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आंगिरस	बार्हस्पत्य	भारद्वाज	दाहिन	दाहिन	शिव
कश्यप	सामवेद	गांधर्व	कौथुमी	गोभिल	कश्यप	असित	दैवल	वाम	वाम	विष्णु
काश्यप	सामवेद	गांधर्व	कौथुमी	गोभिल	काश्यप	आवत्सार	नैध्रुव	वाम	वाम	विष्णु
वत्स	सामवेद	गांधर्व	कौथुमी	गोभिल	भार्गवच्यवन	आप्नवान	जामदग्न्यऔर्व	वाम	वाम	विष्णु
शांडिल्य	सामवेद	गांधर्व	कौथुमी	गोभिल	शांडिल्य	असित	दैवल	वाम	वाम	विष्णु
धनंजय	सामवेद	गांधर्व	कौथुमी	गोभिल	बिश्वामित्र	माधुच्छंदस	धनंजय	वाम	वाम	विष्णु
उपमन्यु	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	उपमन्यु	वाशिष्ठ	अभ्रतवसु	दाहिन	दाहिन	शिव
कात्यायन	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	विश्वामित्र	कात्यायन	किल	दाहिन	दाहिन	शिव
सांकृत	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	सांकृत	सांख्यायन	किल	दाहिन	दाहिन	शिव
गर्ग	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आंगिरस	सैन्य	गार्ग	दाहिन	दाहिन	शिव
गौतम	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आंगिरस	बार्हस्पत्य	भारद्वाजगौतम अत्रि		दाहिन	२, शिव
पाराशर	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	पाराशर	वाशिष्ठ	सांकृत	दाहिन	दाहिन	शिव
कौशिक	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	विश्वामित्र	अघमर्षण	कौशिक	दाहिन	दाहिन	शिव
कौशिल्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	विश्वामित्र	अघमर्षण	माधुच्छंदस	दाहिन	दाहिन	शिव
भार्गव	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	भार्गव	च्यावन	अल्पवान	दाहिन	दाहिन	शिव

वशिष्ठ	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माधंयदिनी	कात्यायन	वशिष्ठ	इंद्रप्रमदा	भारद्वसिति	दाहिन	दाहिन	शिव
अंगिरसि	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माधंयदिनी	कात्यायन	अंगिरस	वार्हस्पत्य	द्रोणाचार्य	दाहिन	दाहिन	शिव
कृष्णात्रि	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माधंयदिनी	कात्यायन	आत्रेय	आर्चनानस	श्यावश्व	दाहिन	दाहिन	शिव
अत्रि	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आत्रेय	आर्चनानस	श्यावश्व	दाहिन	दाहिन	शिव
कौण्डिन्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	काण्वी	कात्यायन	वशिष्ठ	कौडिन्य	मैत्रावरुण	दाहिन	दाहिन	शिव
कपि	यजुर्वेद	धनुर्वेद	काण्वी	कात्यायन	आंगिरस	आमौह्य	बौरुच	दाहिन	दाहिन	शिव
विष्णुवर्धन	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माधंयदिनी	कात्यायन	आंगिरस	पौरु	कुत्सत्रासदस्य	दाहिन	दाहिन	शिव
नितुंदन	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माधंयदिनी	कात्यायन	आंगिरस	पौरु	कुत्सत्रासदस्य	दाहिन	दाहिन	शिव
वाभ्रव्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	विश्वामित्र	अवदल	वाभ्रव्य	दाहिन	दाहिन	शिव
पूर्ण	ऋग्वेद	आयुर्वेद	आश्वलायन	आश्वलायन	विश्वामित्र	देवराज	पूर्ण	वाम	वाम	ब्रह्मा
मुद्गल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आंगिरस	भार्यश्वा	मुद्गल	दाहिन	दाहिन	शिव
मिहरस	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	कुशिक	कौशिक काश	काश्यकाश्यपेय	दाहिन	दाहिन	शिव
सावर्णी	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	सावर्णी	पुलस्ता	पुलह	दाहिन	दाहिन	शिव
मौनस	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	मौनस	भार्गव	बधस	दाहिन	दाहिन	शिव
असिल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	असिल	वाशिलु	कौशल	दाहिन	दाहिन	शिव
वाशिल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	वासिल	अत्रि	आर्चिस	दाहिन	दाहिन	शिव
शौनक	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	शौनक	शैव	भावन	दाहिन	दाहिन	शिव

चांद्रायण	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	चांद्रायण	बात्स	बत्स	दाहिन	दाहिन	शिव
बामदेव	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	बामदेव	माध्यायन	गौतम	दाहिन	दाहिन	शिव
मांडवच्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	मांडव्य	मांडूकेय	विश्वामित्र	दाहिन	दाहिन	शिव
दालभ्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	दालभ्य	आंगिरस	वार्हस्पत्य	दाहिन	दाहिन	शिव
गांगेय	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	गांगेय	गर्ग	सांख्यतित	दाहिन	दाहिन	शिव
सिंहल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	वासिल	धाराणिषु	सारस्वत	दाहिन	दाहिन	शिव
मौकल्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	मौकल्य	आंगिरस	वार्हस्पत्य	दाहिन	दाहिन	शिव
वैहल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	वैहल	आशिल	बहल	दाहिन	दाहिन	शिव
देवरात	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	देवरात	वैष्णा	रैस्त	दाहिन	दाहिन	शिव
यस्क	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	भार्गव	वैतहव्य	शावतस	दाहिन	दाहिन	शिव
मित्रयुव	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	भार्गव	बाध्राश्व	दिवोदास	दाहिन	दाहिन	शिव
विद	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	भार्गव	और्व	जामदग्न्य	दाहिन	दाहिन	शिव
वैन्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	भार्गव	वैन्य	पार्थ	दाहिन	दाहिन	शिव
आयास्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आंगिरस	आयास्य	गौतम	दाहिन	दाहिन	शिव
शारद्वत	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आंगिरस	गौतम	शारद्वत	दाहिन	दाहिन	शिव
जातूकर्ण	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	अत्रि	वशिष्ठ	जातूकर्ण	दाहिन	दाहिन	शिव
उद्वाह	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	उद्वाह	बामदेव	वशिष्ठ	दाहिन	दाहिन	शिव

हरित	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	आंगिरस	अंबरीख	यौवनाश्व	दाहिन	दाहिन	शिव
जामदग्नि	यजर्वेद	धनर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	जामदग्नि	भृगु भार्गव	बत्सच्यावन	दाहिन	दाहिन	शिव
शौश्रवाश्व	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	भारद्वाज	बिश्वामित्र	औदले	दाहिन	दाहिन	शिव
बृहस्पत	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	अंगिरस	बृहस्पत	भारद्वाज	दाहिन	दाहिन	शिव
अगस्त्य	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	अगस्त्य	आत्रेय	आर्चनानस	दाहिन	दाहिन	शिव
मंगल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	अग्रसेन	बासुक	मंगल	दाहिन	दाहिन	शिव
तायल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	अग्रसेन	बासुक	तायल	दाहिन	दाहिन	शिव
मीतल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	अग्रसेन	बासुक	मीतल	दाहिन	दाहिन	शिव
गोयल	यजुर्वेद	धनुर्वेद	माध्यंदिनी	कात्यायन	अग्रसेन	बासुक	गोयल	दाहिन	दाहिन	शिव

यह वेंदोक्त संकल्प ग्रहण करो

बिज्ञापन ॥

बिदित हो कि सम्पूर्ण महाशयों से प्रार्थना है कि निज गोत्र सम्बन्धी बातों को पढ़ें और बिचारें जिस से अपना धर्म कर्म मालूम हो और स्वः धर्म में तत्पररहें इस लिये धर्मात्मा जन इस पुस्तक को प्रति वर्ष को ब्राह्मणों को देकर महान् पुराय के भागी हों ।

गायत्री।

